JAGRAN

Josh

your guide to success

WWW.JAGRANJOSH.COM

# IAS Pre Exam 2012 current affairs Practice Set

1. *कंट्रोवर्शियली योर्स* (Controversially Yours) नामक पुस्तक पाकिस्तान के किस क्रिकेट खिलाड़ी की आत्मकथा है? इसका विमोचन सितंबर 2011 में किया गया.

a. सलीम मलिक

b. शोयब अख्तर

c. इमरान खान

d. शाहिद अफरीदी

**Answer: (b) शोयब अख्तर**

**2.** महिलाओं का *तीरंदाजी विश्व कप 2011* का आयोजन कहां किया गया? दीपिका कुमारी ने इसके व्यक्तिगत रिकर्व प्रतिस्पर्धा में रजत पदक तथा चीन की मिंग चेंग ने स्वर्ण पदक जीता. फाइनल मैच 25 सितंबर 2011को खेला गया.

a. क़तर

b. इस्तांबुल (तुर्की)

c. ज्वांगझू (चीन)

d. जापान

**Answer: (b) इस्तांबुल (तुर्की)**

**3.** भारत की किस संस्था को संयुक्त राष्ट्र के दो प्रमुख संगठनों-*अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी और विश्व बौद्धिक संपदा संगठन* का बाहरी ऑडिटर नियुक्त किया गया? यह पहला अवसर है कि यूरोप से बाहर के किसी देश की संस्था को यह पद दिया गया. इस निर्णय की जानकारी 1 अक्टूबर 2011 को दी गई.

a. सेबी

b. कैग

c. आईबी

d. ट्राई

**Answer: (b) कैग**

**4.** स्वीडन के कवि *टॉमस ट्रांसट्रोमर* को साहित्य के क्षेत्र में वर्ष 2011 के *नोबेल पुरस्कार* के लिए चयनित किया गया. इनके संदर्भ में कौन सा कथन सही नहीं है?

a. साहित्य का नोबल पुरस्कार पाने वाले टॉमस ट्रांसट्रोमर सातवें स्वीडिश एवं आठवें यूरोपीय नागरिक है.

b. विंडोज एंड स्टोंस और बाल्टिक्स टॉमस ट्रांसट्रोमर की लोकप्रिय रचना है.

c. द ग्रेट इनिग्मा उनकी पहली कविता संग्रह है.

d. टॉमस ट्रांसट्रोमर एक अच्छे पियानोवादक हैं.

**Answer: (c) द ग्रेट इनिग्मा उनकी पहली कविता संग्रह है**

**5.** बीमा नियामक व विकास प्राधिकरण (इरडा) ने बीमा क्षेत्र में काले धन को रोकने के लिए 6 अक्टूबर 2011 को एक दिशा-निर्देश जारी किया. इस दिशा-निर्देश के तहत 1 नवंबर 2011 से कितने रुपए से अधिक बीमा प्रीमियम का नकद भुगतान करने पर पैन (स्थायी खाता संख्या) का ब्योरा देना अनिवार्य होगा?

a. 50 हजार

b. 45 हजार

c. 35 हजार

d. 40 हजार

**Answer: (a) 50 हजार**

**6.** झारखंड राज्य सरकार द्वारा 12वें स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य में *लाडली लक्ष्मी योजना* की शुरुआत 15 नवंबर 2011 को की गई. झारखंड राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2012 को क्या घोषित किया गया?

a. लड़की वर्ष

b. बिटिया वर्ष

c. बच्ची बचाओ वर्ष

d. बेटा वर्ष

**Answer: (b) बिटिया वर्ष**

**7.** केंद्रीय दूरसंचार मंत्रालय ने 10 अक्टूबर 2011 को नई दूरसंचार नीति का मसौदा जारी किया. नई दूरसंचार नीति के मसौदे में वर्ष 2017 तक ग्रामीण क्षेत्रों में दूरसंचार घनत्व को बढ़ाकर _ _ _ _ _ और वर्ष 2020 तक शत प्रतिशत करने की योजना है.

a. 60 प्रतिशत

b. 65 प्रतिशत

c. 70 प्रतिशत

d. 75 प्रतिशत

**Answer: (b) 65 प्रतिशत**

**8.** फ्रांस की सरकार ने अपने भारतीय विरासत शहर नेटवर्क कार्यक्रम (इंडियन हेरिटेज सिटीस नेटवर्क) के तहत मध्य प्रदेश के किन शहरों को प्राचीन धरोहरों के संरक्षण के लिए चुना? फ्रांस के एक शिष्टमंडल ने यह जानकारी 28 सितंबर 2011 को दी.

a. ग्वालियर एवं रीवा

b. भोपाल और महेश्वर

c. ग्वालियर और भोपाल

d. रीवा और महेश्वर

**Answer: (b) भोपाल और महेश्वर**

**9.** विश्व पर्यटन संगठन ने वर्ष 2011 के *विश्व पर्यटन दिवस* का विषय ......................घोषित किया. यह प्रतिवर्ष 27 सितंबर को मनाया जाता है. वर्ष 2011 में *विश्व पर्यटन दिवस* की मेजबानी मिस्र ने की.

a. टूरिज्म एंड पापुलेशन

b. टूरिज्म एंड एजुकेशन

c. टूरिज्म एंड कल्चर्स

d. टूरिज्म-लिंकिंग कल्चर्स

**Answer: (d) टूरिज्म-लिंकिंग कल्चर्स**

**10.** तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक पद पर किसे नियुक्त किया गया? पेट्रोलियम मंत्रालय ने इस नियुक्ति की जानकारी 3 अक्टूबर 2011 को दी.

a. विवेक मोहन

b. सुधीर वासुदेव

c. आरएस शर्मा

d. पुलक चटर्जी

**Answer: (b) सुधीर वासुदेव**

**11.** अमेरिका के निवासी *स्टीव जॉब्स* का 5 अक्टूबर 2011 को निधन हो गया. उनका संबंध निम्नलिखित में से किससे था?

a. याहू

b. माइक्रोसाफ्ट

c. गूगल

d. एप्पल

**Answer: (d) एप्पल**

**12.** पंजाब के नाटककार व रंगकर्मी *गुरुशरण सिंह* का 28 सितंबर 2011 को निधन हो गया. इनके संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?

a. गुरुशरण सिंह ने पंजाब के आतंकवाद के खिलाफ बाबा बोलता है नामक नाटक लिखा.

b. वह पंजाबी साहित्य की मासिक पत्रिका समता का प्रकाशन किया.

c. उनका नाटक इंकलाब जिंदाबाद ने भगत सिंह के विचारों को फैलाने का काम किया.

d. वह महात्मा गांधी के विचारों और उनकी परम्परा के नाटककार थे.

**Answer: (d) वह महात्मा गांधी के विचारों और उनकी परम्परा के नाटककार थे.**

**13.** वर्ष 2011 के *लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय पुरस्कार* के लिए किसका चयन किया गया? उनके चयन की घोषणा पूर्व केंद्रीय मंत्री और चयन समिति के संयोजक अनिल शास्त्री ने 3 अक्टूबर 2011 को की.

a. प्रो. यशपाल

b. भागवत झा

c. अमरकांत

d. श्रीलाल शुक्ल

**Answer: (a) प्रो. यशपाल**

**14.** प्रमुख इंजीनियरिंग एवं निर्माण कंपनी पुंज लॉयड को कतर में पॉलीसिलिकॉन कारखाना लगाने का अनुबंध मिला. पॉलीसिलिकॉन तैयार करने की क़तर में यह पहली इकाई होगी. इसका उपयोग सौर बैटरी (सोलर सेल) के निर्माण में किया जाएगा. पुंज लॉयड को यह अनुबंध किससे मिला?

a. कतर सोलर टेक्नोलॉजीज

b. कतर सरकार

c. कतर के विज्ञान एव तकनीकी मंत्रालय द्वारा

d. इनमे से कोई नहीं

**Answer: (a) कतर सोलर टेक्नोलॉजीज**

**15.** रिलायंस पावर की तिलैया अल्ट्रा मेगा पावर परियोजना को कार्बन क्रेडिट मंजूरी 3 अक्टूबर 2011 को प्रदान की गई. 3960 मेगावाट वाली इस परियोजना को किस राज्य में स्थापित किया जाना है? इसे संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज (यूएनएफसीसीसी) से भी अनुमति मिल गई है.

a. छत्तीसगढ़

b. बिहार

c. झारखंड

d. मध्य प्रदेश

**Answer: (c) झारखंड**

**16.** भारतीय प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह ने 17-20 नवंबर 2011 के मध्य चार दिवसीय राजकीय यात्रा के प्रथम चरण में इंडोनेशिया में बाली में *नौवें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन* में भाग लिया. इस यात्रा के दूसरे चरण में उन्होंने किस देश की यात्रा की?

a. सिंगापुर

b. मलेशिया

c. कजाकिस्तान

d. संयुक्त राष्ट्र की महासभा में भाग लेने अमेरिका

**Answer: (a) सिंगापुर**

**17.** मोटोरोला मोबिलिटी होल्डिंग्स के शेयर धारकों ने किस इंटरनेट कंपनी के साथ 12.5 अरब डॉलर में प्रस्तावित विलय को मंजूरी दे दी. मोटोरोला के अध्यक्ष और सीओई संजय झा ने इसकी जानकारी 18 नवंबर 2011 को दी.

a. याहू

b. गूगल

c. फेसबुक

d. यू ट्यूब

**Answer: (b) गूगल**

**18.** कर्नाटक के डॉ. मठूर कृष्णमूर्ति का 6 अक्टूबर 2011 को बैंगलोर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया. निम्नलिखित में से इनका संबंध किस क्षेत्र से था?

a. तेलगू

b. तमिल

c. कन्नड़

d. संस्कृत

**Answer: (d) संस्कृत**

**19.** मुंबई स्थित *द रॉयल ऑपेरा हाउस* को वर्ष 2012 की संकटग्रस्त वास्तु धरोहर सूची में विश्व स्मारक कोष द्वारा शामिल किया गया. विश्व स्मारक निगरानी सूची या संकटग्रस्त वास्तु धरोहर सूची में मुंबई के वाट्सन होटल के बाद शामिल की गई द रॉयल ऑपेरा हाउस शहर की दूसरी इमारत है. इस इमारत का स्वामित्व _ _ _ _ _ के पूर्व शाही परिवार के पास है.

a. कन्नौज वंश

b. सिंधिया वंश

c. पटौदी वंश

d. गोंदाल वंश

**Answer: (d) गोंदाल वंश**

**20.** भारतीय ओलंपिक संघ ने *लंदन ओलंपिक 2012* के आधिकारिक प्रायोजक के लिए किस कंपनी के साथ 3 नवंबर 2011 को समझौता किया?

a. सैमसंग

b. एयरटेल

c. सोनी

d. एलजी

**Answer: (a) सैमसंग**

**21.** बिहार विधानसभा ने बिहार लोकायुक्त विधेयक 2011 (Bihar Lokayukta Bill 201), 7 दिसंबर 2011 को ध्वनिमत से पारित कर दिया. प्रस्तावित क़ानून के तहत कौन अपने कार्यकाल के पूरा होने तक बिहार लोकायुक्त संस्था के प्रथम अध्यक्ष होंगे?

a. न्यायाधीश चंद्रमोहन प्रसाद

b. न्यायाधीश सुरेन्द्र प्रसाद

c. न्यायाधीश मदन मोहन

d. न्यायाधीश राम बिचौलिया

**Answer: (a) न्यायाधीश चंद्रमोहन प्रसाद**

**22.** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धौनी और _ _ _ _ _ को भारतीय थल सेना की टेरीटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल का मानद रैंक 1 नवंबर 2011 को प्रदान किया गया.

a. अभिनव बिंद्रा

b. विजेंद्र सिंह

c. विश्वनाथन आनंद

d. सुशील कुमार

**Answer: (a) अभिनव बिंद्रा**

**23.** सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायामूर्ति मार्कन्डेय काटजू को निम्नलिखित में से किसका अध्यक्ष नियुक्त किया गया. इनकी नियुक्ति सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 5 अक्टूबर 2011 को की. इन्होंने पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति जीएन राय का स्थान लिया.

a. उत्तर प्रेदश का लोकायुक्त

b. वोट के बदले नोट की जांच के लिए गठित आयोग

c. भारतीय प्रेस परिषद

d. मानवाधिकार आयोग

**Answer: (c) भारतीय प्रेस परिषद**

**24.** पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. लुई प्रोटो बारबोसा का गोवा के माडगांव में 6 अक्टूबर 2011 को निधन हो गया. वह किस राज्य के मुख्यमंत्री थे.

a. गोवा

b. असम

c. मेघालय

d. त्रिपुरा

**Answer: (a) गोवा**

**25.** वैश्विक मंदी से निपटने हेतु केंद्र सरकार ने निर्यातकों को कितनी धनराशि पैकेज के रूप में देने की घोषणा 13 अक्टूबर 2011 को की.

a. 800 करोड़ रुपये

b. 1000 करोड़ रुपये

c. 900 करोड़ रुपये

d. 1100 करोड़ रुपये

**Answer: (c) 900 करोड़ रुपये**

**26.** केंद्र सरकार ने झारखंड में एनटीपीसी के *नार्थ कर्णपुरा ताप* बिजली घर के प्रस्तावित स्थल को बदलने के सवाल पर विचार के लिए किसकी अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति 13 अक्टूबर 2011 को गठित की.

a. बीके चतुर्वेदी

b. चंद्र द्विवेदी

c. मोह्न प्रकाश

d. धीरज अंसल

**Answer: (a) बीके चतुर्वेदी**

**27.** अमेरिका का सर्वोच्च वैज्ञानिक सम्मान *नेशनल मेडल ऑफ टेक्नालॉजी एंड इन्नोवेशन 2011* के लिए भारतीय मूल के 3 अमेरिकी वैज्ञानिकों सहित कुल 12 वैज्ञानिकों का चयन 28 सितंबर 2011 को किया गया. निम्नलिखित में से इसमें कौन शामिल नहीं है.

a. श्रीनिवास एसआर वर्द्धन

b. प्रो.यूआर कनेडिया

c. बी जयंत बालिगा

d. राकेश अग्रवाल

**Answer: (b) प्रो.यूआर कनेडिया**

**28.** निम्नलिखित वैज्ञानिकों में से कौन *चिकित्सा के क्षेत्र का नोबेल पुरस्कार 2011* के लिए चयनित वैज्ञानिकों के समूह में शामिल नहीं है?

a. ब्रूस बीटलर

b. राल्फ स्टीनमैन

c. ज्यूल्स होफमैन

d. एडम रीस

**Answer: (d) एडम रीस**

**29.** अमेरिकी अर्थशास्त्री थामस सार्जेंट और _ _ _ _ _ का चयन वर्ष 2011 के अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार के लिए किया गया. नोबेल चयन समिति ने इनके चयन की घोषणा 10 अक्टूबर 2011 को की.

a. क्रिस्टोफर सिम्स

b. ब्रेड सिमंस

c. मेल गिब्सन

d. ऑस्कर डेनियल

**Answer: (a) क्रिस्टोफर सिम्स**

**30.** आस्कर पुरस्कार विजेता हालीवुड की किस अभिनेत्री का चयन अमेरिकी फिल्म संस्थान के *लाइफटाईम अचीवमेंट अवार्ड 2011* के लिए किया गया? अमेरिकी फिल्म संस्थान न्यासी बोर्ड ने उनके नाम की घोषणा लॉस एंजिलिस में 10 अक्टूबर 2011 को की.

a. मैडोना

b. लीज हर्ले

c. शिर्ले मैकलेन

d. कैथरीन हेपबर्न

**Answer: (c) शिर्ले मैकलेन**

**31.** ऊर्जा मंत्रालय द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत वर्ष 2008-09 में कितनी थी? वर्ष 2005-06 में भारत में प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत 631 यूनिट थी.

a. 733 यूनिट

b. 833 यूनिट

c. 933 यूनिट

d. 1033 यूनिट

**Answer: (a) 733 यूनिट**

**32.** केंद्र सरकार कितनी आबादी वाले बैंकिंग सुविधाओं से वंचित क्षेत्रों में निजी सहित सभी बैंकों को सितंबर 2012 तक शाखाएं खोलने का निर्देश दिया? वित्त मंत्रालय का यह दिशा-निर्देश 7 नवंबर 2011 को जारी किया गया.

a. 4000 से अधिक

b. 5000 से अधिक

c. 6000 से अधिक

d. 7000 से अधिक

**Answer: (b) 5000 से अधिक**

**33.** जमैका के धावक उसेन बोल्ट और ऑस्ट्रेलिया की _ _ _ _को *एथलीट ऑफ द ईयर 2011 पुरस्कार* दिया गया. अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स महासंघ ने यह पुरस्कार 13 नवंबर 2011 को फ्रांस के मोंटे कार्लो में दिया.

a. रोज मेरी

b. सैली पीयर्सन

c. मारिया गोरेटी

d. सांद्रा रोजर

**Answer: (b) सैली पीयर्सन**

**34.** *65वीं सीनियर राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता 2011* झारखंड की राजधानी रांची में मेगा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स होटवार स्थित वीर बुधु भगत तैराकी स्टेडियम में 19 नवंबर 2011 को संपन्न हुई. इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान किस राज्य का रहा?

a. महाराष्ट्र

b. तमिलनाडु

c. कर्नाटक

d. झारखंड

**Answer: (c) कर्नाटक**

**35.** *रिवोल्यूशन 2020: लव, करप्शन, एंबिशन* चेतन भगत द्वारा लिखी गई पुस्तक है. यह लेखक की कौन सी कृति है?

a. चौथा उपन्यास

b. पांचवा उपन्यास

c. छठा उपन्यास

d. तीसरा उपन्यास

**Answer: (b) पांचवा उपन्यास**

**36.** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पदमविभूषण मोहन धारिया को वर्ष 2010 के *इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय एकता पुरस्कार* के लिए चुना गया. पुरस्कारों के क्रम में मोहन धारिया को _ _ _ इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय एकता पुरस्कार हेतु चयनित किया गया.

a. 26वां

b. 25वां

c. 27वां

d. 24वां

**Answer: (a) 26वां**

**37.** अनिल अंबानी समूह की कंपनी रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस की 26 फीसदी हिस्सेदारी जापान की किस कंपनी ने तीन हजार करोड़ रुपये में 9 अक्टूबर 2011 को खरीदी?

a. निप्पन लाइफ

b. मतासहुरी लाइफ

c. एगोन लाइफ

d. उपरोक्त में से कोई नहीं

**Answer: (a) निप्पन लाइफ**

**38.** द रॉयल स्वीडिश एकेडमी आफ साइंस ने वर्ष 2011 का *भौतिक विज्ञान के क्षेत्र का नोबेल पुरस्कार* तीन वैज्ञानिकों को संयुक्त रूप से देने का निर्णय 4 अक्टूबर 2011 को लिया. वैज्ञानिकों के इस समूह में कौन शामिल नहीं है?

a. साउल पर्लमुट्टर

b. राल्फ स्टीनमैन

c. एड़म रीस

d. ब्रायन शिमिडट

**Answer: (b) राल्फ स्टीनमैन**

**39.** श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने करीब 1000 किलोग्राम के *मेघा ट्रापिक्स* को सफलता पूर्वक किस प्रक्षेपण यान से प्रक्षेपित किया?

a. पीएसएलवी सी20

b. पीएसएलवी सी19

c. पीएसएलवी सी18

d. पीएसएलवी सी17

**Answer: (c) पीएसएलवी सी18**

**40.** केंद्र सरकार द्वारा लघु बचत को बढ़ावा देने के लिए डाकघरों की विभिन्न जमा योजनाओं से सम्बंधित कुछ नीतिगत निर्णय लिया गया. केंद्र सरकार द्वारा लिए निर्णयों में निम्नलिखित में से कौन सा शामिल नहीं है? यह निर्णय 11 नवंबर 2011 को लिए गए.

a. एनएससी और एमआईएस की परिपक्वता अवधि 6 वर्ष से घटाकर 5 वर्ष कर दी गई

b. लोक भविष्य निधि योजना में वार्षिक निवेश की सीमा 70000 रुपए से बढ़ाकर 100000 रुपए कर दी गई.

c. सरकार ने 10 वर्ष की परिपक्वता अवधि वाली राष्ट्रीय बचत योजना शुरू की.

d. डाकघर बचत खातों की ब्याज दर को अपरिवर्तनीय रखते हुए 3.5 प्रतिशत ही रखा.

**Answer: (d) डाकघर बचत खातों की ब्याज दर को अपरिवर्तनीय रखते हुए 3.5 प्रतिशत ही रखा.**

**41.** केंद्र सरकार द्वारा *पेंशन फंड नियमन व विकास प्राधिकरण विधेयक 2011* (PFRDA Bill 2011: Pension Fund Regulatory and Development Authority Bill 2011) में पेंशन क्षेत्र में कितने प्रतिशत तक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) की मंजूरी दी गई? यह मंजूरी 16 नवंबर 2011 को दी.

a. 28

b. 27

c. 26

d. 25

**Answer: (c) 26**

**42.** कौन सी भारतीय भाषा अमरीका स्थित यूनीकोड कंसोर्टियम की आधिकारिक पूर्ण सदस्य बन गई. इसी के साथ इस कंसोर्टियम में पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल होने वाली यह पहली भारतीय भाषा हो गई?

a. तमिल भाषा

b. संस्कृत भाषा

c. कन्नड़ भाषा

d. तेलुगु भाषा

**Answer: (d) तेलुगु भाषा**

**43.** गजल गायक जगजीत सिंह का _ _ _ _ _ को मुंबई के लीलावती अस्पताल में ब्रेन हेमरेज के कारण निधन हो गया.

a. 10 अक्टूबर 2011

b. 11 अक्टूबर 2011

c. 9 अक्टूबर 2011

d. 12 अक्टूबर 2011

**Answer: (a) 10 अक्टूबर 2011**

**44.** नॉटिंघम विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने शुरुआती दौर में ही कैंसर की पहचान करने वाली कौन सी तकनीक को विकसित किया है, जिससे सूक्ष्म वसा का बुलबुला के जरिए ट्यूमर वाली जगहों की पहचान की जा सकती है?

a. कैंसर कील

b. मैजिक बुलेट

c. कैंसर फाइंडर

d. मैजिक एरो

**Answer: (b) मैजिक बुलेट**

**45.** *विश्व स्वास्थ्य संगठन की वैश्विक तपेदिक नियंत्रण रिपोर्ट 2011* में भारत में तपेदिक मरीजों की संख्या विश्व के तपेदिक मरीजों की संख्या में कितनी है?

a. 26 फीसदी

b. 25 फीसदी

c. 35 फीसदी

d. 36 फीसदी

**Answer: (a) 26 फीसदी**

**46.** यूरोपीय केंद्रीय बैंक के पूर्व उपाध्यक्ष लुकास पापाडेमोस को कहां का अंतरिम प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया? इनकी नियुक्ति 10 नवंबर 2011 को गई.

a. ग्रीस

b. ग्वाटेमाला

c. लीबिया

d. मिस्र

**Answer: (a) ग्रीस**

**47.** दक्षेस के 17वें शिखर सम्मेलन का आयोजन 10-11 नवंबर 2011 के मध्य निम्नलिखित में से कहां किया गया?

a. कान

b. आदू

c. थिम्पू

d. बढ़नी

**Answer: (b) आदू**

**48.** भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) के वार्षिक पुरस्कारों में *कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड 2010-11* के लिए किसका चयन किया गया? यह पुरस्कार 10 दिसम्बर 2011 को चेन्नई में दिया जाना है.

a. जहीर खान

b. अजीत वाडेकर

c. राहुल द्रविड़

d. वीरेंद्र सहवाग

**Answer: (b) अजीत वाडेकर**

**49.** परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ पीके आयंगर का मुंबई में अणुशक्तिनगर के वार्क अस्पताल में 21 दिसंबर 2011 को निधन हो गया. इनके संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य नहीं है?

a. पोकरण में 18 मई 1974 को देश के पहले परमाणु परीक्षण में डॉ पीके आयंगर ने अहम भूमिका निभाई थी.

b. ऑपरेशन स्माइलिंग बुद्ध नाम से हुए पोकरण परीक्षण की टीम में डॉ पीके अयंगर दूसरे नंबर पर थे.

c. डॉ पीके आयंगर ने स्वदेशी तकनीक से पूर्णिमा-I रिएक्टर विकसित किया था जो 1972 में चालू हुआ.

d. उन्हें भौतिकी का नोबेल पुरस्कार दिया गया.

**Answer: (d) उन्हें भौतिकी का नोबेल पुरस्कार दिया गया**

**50.** किस भारतीय खिलाड़ी को *विजडन इंडिया* (Wisden India) के संपादकीय बोर्ड का अध्यक्ष 2 दिसंबर 2011 को नियुक्त किया गया? *विजडन इंडिया* जनवरी 2012 से डिजिटल और प्रकाशन सहित कई रूपों में भारत में खेल पत्रकारिता के क्षेत्र में उतर रही है. विजडन क्रिकेट के क्षेत्र की अंतरराष्ट्रीय पत्रिका है.

a. दिलीप रामचंद्रन

b. सौरव गांगुली

c. सचिन तेंदुलकर

d. सुनील गावस्कर

**Answer: (b) सौरव गांगुली**

**51.** माइक्रोसॉफ्ट ने नया विंडोज फोन सॉफ्टवेयर नई दिल्ली में 12 अक्टूबर 2011 को लांच किया. माइक्रोसॉफ्ट विंडोज फोन सॉफ्टवेयर 7.5 का व्यावसायिक नाम क्या है?

a. ऑरेंज

b. बनाना

c. मैंगो

d. लीची

**Answer: (c) मैंगो**

**52.** फॉर्मूला-1 रेसिंग टीम फोर्स इंडिया की 42.5 फीसदी हिस्सेदारी सहारा समूह ने 12 अक्टूबर 2011 को खरीदी. भारत की एकमात्र फॉर्मूला-1 रेसिंग टीम का नया नाम सहारा फोर्स इंडिया रखा गया. फोर्स इंडिया में यूबी समूह के अध्यक्ष विजय माल्या और सहारा समूह के 42.5-42.5 फीसदी हिस्सेदारी है. शेष 15 फीसदी हिस्सेदारी किस की है?

a. माइकल मोल

b. रतन टाटा

c. एमआरएफ

d. डीएलएफ

**Answer: (a) माइकल मोल**

**53.** भारतीय खेल प्राधिकरण ने 9 अक्टूबर 2011 को पूरे भारत के लिए *आओ और खेलो* (come and play) योजना की शुरुआत की. गरीबी रेखा से नीचे आने वाले खिलाड़ियों को इस सुविधा हेतु प्रति माह कितनी फीस देनी होगी?

a. 45 रुपये प्रत्येक माह

b. 15 रुपये प्रत्येक माह

c. मुफ्त

d. 30 रुपये प्रत्येक माह

**Answer: (c) मुफ्त**

**54.** 3000 किलोमीटर तक मारक क्षमता वाली व परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम नई पीढ़ी की अग्नि-4 मिसाइल का सफल परीक्षण किस तिथि को किया गया?

a. 15 नवंबर 2011 को

b. 16 नवंबर 2011 को

c. 13 नवंबर 2011 को

d. 14 नवंबर 2011 को

**Answer: (a) 15 नवंबर 2011 को**

**55.** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने *दिलीप सरदेसाई पुरस्कार 2011* के लिए किस खिलाड़ी का चयन किया? यह पुरस्कार बीसीसीआई के वार्षिक पुरस्कार समारोह में 10 दिसंबर 2011 को दिया जाना है.

a. विराट कोहली

b. रविचंद्रन अश्विन

c. रोहित शर्मा

d. रवीन्द्र जडेजा

**Answer: (b) रविचंद्रन अश्विन**

**56.** प्रथम भारत-अमेरिका उच्च शिक्षा सम्मेलन 13 अक्टूबर 2011 को कहां आयोजित किया गया?

a. वाशिंगटन डीसी

b. न्यूयार्क

c. नई दिल्ली

d. मुंबई

**Answer: (a) वाशिंगटन डीसी**

**57.** आदित्य मेहता ने पंकज आडवाणी को हराकर *एशियाई स्नूकर चैंपियनशिप 2012* जीती. एशियाई स्नूकर चैंपियनशिप 2012 में पंकज आडवाणी ने रजत और ईरान के _ _ _ _ _ _ ने कांस्य पदक जीता.

a. हुसैन वफाई

b. मोहम्मद अतर

c. रिजवान हक

d. रहमान मलिक

**Answer: (a) हुसैन वफाई**

**58.** यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के ग्रह वैज्ञानिकों ने पृथ्वी और मंगल के वायुमंडल में ओजोन परत के अलावा किस और ग्रह के पास भी ओजोन परत की खोज की? यह पृथ्वी की ओजोन परत से 100 गुना कम घनी है.

a. शनि

b. शुक्र

c. नेप्च्यून

d. बृहस्पति

**Answer: (b) शुक्र**

**59.** टाइम पत्रिका ने वर्ष 2011 के लिए *पर्सन ऑफ द ईयर का पुरस्कार* 15 दिसंबर 2011 को किसे दिया?

a. अन्ना हजारे

b. राजेन्द्र यादव

c. मुख्तरण माई

d. द प्रोटेस्टर

**Answer: (d) द प्रोटेस्टर**

**60.** आवर्त सारणी में तीन नए तत्त्व को जोड़ा गया. परमाणु क्रमांक संख्या 110, 111 और 112 में डर्मस्टैडटियम [darmstadtium (Ds)], रोंटेजेनियम [roentgenium (Rg)] और कॉपरनिशियम

[copernicium (Cn)] को शामिल किया गया. इसकी घोषणा 4 नवंबर 2011 को इंटरनेशनल यूनियन ऑफ प्योर एंड एप्लाइड फिजिक्स के _ _ _ _ _ महासभा में की गई.

a. 26वें

b. 27वें

c. 28वें

d. 30वें

**Answer: (b) 27वें**

**61.** सैमसंग ने 2 नवंबर 2011 को भारत में गैलेक्सी नोट नामक स्मार्टफोन लांच किया. सैमसंग किस देश की कंपनी है?

a. दक्षिण कोरिया

b. उत्तर कोरिया

c. जापान

d. हांगकांग

**Answer: (a) दक्षिण कोरिया**

**62.** सिल्वियो बर्लुस्कोनी ने इटली के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दिया. इटली की संसद ने किसे देश का कार्यवाहक प्रधानमंत्री 14 नवंबर 2011 को नियुक्त किया.

a. स्ट्रॉस कान

b. मारियो मोंटी

c. रोक्जना बाल्देट्टी

d. इनमें से कोई नहीं

**Answer: (b) मारियो मोंटी**

**63.** बच्चों के लिए काम करने वाली संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनिसेफ़ (United Nations International Children's Emergency Fund) ने बॉलीवुड के किस अभिनेता को वर्ष 2013 तक के लिए भारत का राष्ट्रीय ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया? इनके नियुक्ति की जानकारी 24 नवंबर 2011 को दी गई.

a. आमिर ख़ान

b. सलमान खान

c. ऋतिक रोशन

d. अभिषेक बच्चन

**Answer: (a) आमिर ख़ान**

**64.** रूस की इस्पात कंपनी ओएओ सेवरस्ताल ने भारत की किस कंपनी के साथ संयुक्त उद्यम हेतु एक समझौता किया. दोनों कंपनियों के मध्य हुए इस समझौते के क्रियान्वयन संबंधी प्रोटोकॉल पर 14 नवंबर 2011 को हस्ताक्षर किए गए.

a. सहारा ग्रुप

b. एचपीएल

c. ओएनजीसी

d. एनएमडीसी

**Answer: (d) एनएमडीसी**

**65.** संसद ने पूर्वोत्तर राज्यों मणिपुर और अरूणाचल प्रदेश के कुल कितने आदिवासियों को संवैधानिक अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मंजूरी 26 दिसंबर 2011 को प्रदान की?

a. 5

b.7

c. 8

d. 6

**Answer: (d) 6**

**66.** बीमा नियामक इरडा ने बीमा कंपनियों के लिए एचआइवी से पीड़ित मरीजों को बीमा कवर अनिवार्य करने का प्रस्ताव किया है. इरडा द्वारा जारी प्रस्ताव के अनुसार सभी जीवन और गैर जीवन बीमा कंपनियों को एचआइवी पीड़ित व्यक्ति को स्वास्थ्य बीमा कवर देने की व्यवस्था करनी अनिवार्य है. यह प्रस्ताव कब से लागू किया जाना है?

a. एक अप्रैल, 2012

b. एक अगस्त, 2012

c. एक जनवरी, 2013

d. एक अक्टूबर, 2012

**Answer: (d) एक अक्टूबर, 2012**

**67.** पूर्व एशियाई रैपिड शतरंज चैंपियन लंका रवि का चयन फीडे प्रवक्ता (लेक्चरर) के लिए किया गया. विश्व भर से चयनित 24 फीडे प्रवक्ताओं में से यह एक मात्र एशियाई हैं. लंका रवि किस देश के हैं? इनके चयन की जानकारी 16 अप्रैल 2012 को दी गई.

a. भारत

b. श्रीलंका

c. पाकिस्तान

d. बांग्लादेश

**Answer: (a) भारत**

**68.** एशियाई हाकी महासंघ ने वर्ष 2012 की हाकी एशियाई चैंपियंस ट्राफी नवंबर-दिसंबर 2012 में आयोजित करने का निर्णय लिया. इस प्रतियोगिता को आयोजित करने की जिम्मेदारी (मेजबानी) किस देश को दी गई? यह निर्णय मार्च 2012 में लिया गया.

a. पाकिस्तान

b. दक्षिण कोरिया

c. जापान

d. कतर

**Answer: (d). कतर**

**69.** 13 वर्षीय बालिका मलाला यूसुफजई को *अंतरराष्ट्रीय बाल शांति पुरस्कार 2011* के लिए नामांकित किया गया. इसके नामांकन की जानकारी 21 नवंबर 2011 को दी गई. मलाला यूसुफजई किस देश की है?

a. भारत

b. पाकिस्तान

c. अफगानिस्तान

d. बांग्लादेश

**Answer: (b) पाकिस्तान**

**70.** निम्नलिखित में से किसे गुयाना के राष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित किया गया? इस पद के चुनाव परिणाम की घोषणा 1 दिसंबर 2011 को की गई.

a. भरत जगदेव

b. अनिरुद्ध जगन्नाथ

c. डोनाल्ड रामऔतार

d. केशव राम भगत

**Answer: (c) डोनाल्ड रामऔतार**

**71.** संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिवर्ष 4-10 अक्टूबर 2011 तक *विश्व अंतरिक्ष सप्ताह* मनाया जाता है. वर्ष 2011 के अंतरिक्ष सप्ताह का विषय _ _ _ _ _ _ _ रखा गया. संयुक्त राष्ट्र महासभा की छह दिसंबर 1999 में हुई 55वीं बैठक में इस सप्ताह को मनाए जाने की घोषणा की गई थी.

a. अंतरिक्ष उड़ान- एक और कदम

b. अंतरिक्ष: हमारा एक और घर

c. अंतरिक्ष उड़ान में मानव के 50 वर्ष

d. उपरोक्त में से कोई नहीं

**Answer: (c) अंतरिक्ष उड़ान में मानव के 50 वर्ष**

**72.** वेंकटरमन रामकृष्णन को न्यू ईयर्स ऑनर्स लिस्ट 2012 में नाइटहुड उपाधि के लिए चुना गया. इनका चयन जनवरी 2012 के प्रथाम सप्ताह में किया गया. इनके संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा एक कथन सत्य नहीं है?

a. वेंकटरमन रामकृष्णन को वर्ष 2009 का रसायन शास्त्र का नोबेल पुरस्कार दिया गया.

b. वर्ष 2010 में उन्हें भारत सरकार की ओर से पद्म विभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया.

c. उन्हें मॉलिक्युलर बायोलॉजी में महत्वपूर्ण योगदान के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था.

d. वह भारतीय मूल के ब्रिटिश वैज्ञानिक हैं.

**Answer: (d) वह भारतीय मूल के ब्रिटिश वैज्ञानिक हैं**

**73.** मंगल ग्रह की यात्रा के दौरान मानव पर पड़ने वाले प्रभावों को जानने के लिए परीक्षण के तहत किस संस्था ने छह यात्री को 520 दिन के लिए मंगल ग्रह जैसी संरचना के अंदर बंद करके रखा था? ये छह यात्री 4 नवंबर 2011 को बाहरी दुनिया में कदम रखे.

a. नासा

b. शंघाई अंतरिक्ष केंद्र

c. मॉस्को शोध संस्थान

d. उपरोक्त में से कोई नहीं

**Answer: (c) मॉस्को शोध संस्थान**

**74.** क्रेन निर्माता कंपनी अनुपम इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने जापान की मित्सुबिशी हैवी इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड से मिलकर एक संयुक्त उपक्रम बनाने का निर्णय 10 नवंबर 2011 को लिया. इस संयुक्त उपक्रम का क्या नाम है?

a. अनुपम-एमएचआई इंडस्ट्रीज लिमिटेड

b. अनुपम-मित्सुबिशी इंडस्ट्रीज

c. एआईएमएचआई इंडस्ट्रीज लिमिटेड

d. एमएचआई-अनुपम इंडस्ट्रीज लिमिटेड

**Answer: (a) अनुपम-एमएचआई इंडस्ट्रीज लिमिटेड**

**75.** सारंगी वादक उस्ताद एवं पद्मभूषण से सम्मानित सुल्तान खान का मुंबई में 27 नवंबर 2011 को निधन हो गया. उस्ताद सुल्तान खान का संबंध किस घराने से था?

a. राजस्थान घराना

b. इंदौर घराना

c. बनारस घराना

d. जयपुर घराना

**Answer: (b) इंदौर घराना**

**76.** स्टारबक्स के संस्थापक और सीईओ होबर्ड शुल्टज को फार्च्यून पत्रिका ने *बिजनेस मैन ऑफ द ईयर 2011* की सूची में पहले स्थान पर रखा. इस सूची में एकमात्र भारतीय को स्थान दिया गया है. निम्नलिखित में से उस भारतीय का क्या नाम है?

a. सुब्रत राय सहारा

b. सुनील मित्तल

c. निर्मल देव

d. अजय बांगा

**Answer: (d) अजय बांगा**

**77.** बिहार के निवासी सुशील कुमार को केंद्र सरकार ने *महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना* का ब्रांड अंबेसडर 14 नवंबर 2011 को नियुक्त किया. सुशील कुमार बिहार के किस जिले के निवासी हैं?

a. मोतिहारी

b. गया

c. जहानाबाद

d. हजारीबाग

**Answer: (a) मोतिहारी**

**78.** दिल्ली सरकार की साहित्य कला परिषद प्रतिवर्ष कला, संगीत, नाटक, पेंटिंग, साहित्य और फोटोग्राफी के क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने वालों को *लाइफ टाइम एचीवमेंट पुरस्कार* से सम्मानित करती है. वर्ष 2011-12 के *लाइफ टाइम एचीवमेंट पुरस्कार* के लिए चयनित लोगों में निम्नलिखित में

कौन शामिल नहीं है? इनका चयन दिल्ली की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 21 नवंबर 2011 को लिया गया.

a. रस्किन बांड

b. सरोदवादक अमजद अली खान

c. शास्त्रीय (ठुमरी) गायिका गिरिजा देवी

d. चेतन भगत

**Answer: (d) चेतन भगत**

**79.** एचआईवी संक्रमण से होने वाले एड्स रोग के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है. संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित वर्ष 2011 के विश्व एड्स दिवस का विषय क्या है?

a. गेटिंग टू जीरो

b. फिनिश्ड टू एचआईवी

c. एचआईवी संक्रमण के बारे में जागरूकता बढ़ाना

d. एचआईवी संक्रमण को रोकना

**Answer: (a) गेटिंग टू जीरो**

**80.** साहित्यकार इंदिरा गोस्वामी का दिल का दौरा पड़ने से गुवाहाटी में 29 नवंबर 2011 को निधन हो गया. इनके संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य नहीं है?

a. उन्हें वर्ष 2000 के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

b. उन्होंने उल्फा और केंद्र सरकार के बीच शांति वार्ता शुरू कराने में अहम भूमिका निभाई.

c. वह ज्ञानपीठ पुरस्कार पाने वाली दूसरी असमिया साहित्यकार हैं.

d. वर्ष 2002 में उन्हें पदम विभूषण से सम्मानित किया गया.

**Answer: (d) वर्ष 2002 में उन्हें पदम विभूषण से सम्मानित किया गया.**

**81.** कंप्यूटर सॉफ्टवेयर व इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद निर्माता कंपनी एप्पल के सह संस्थापक स्टीव जॉब्स को संगीत प्रौद्योगिकी में उनके योगदान के लिए मरणोपरांत किस पुरस्कार हेतु चयनित किया गया.

a. फिल्म फेयर

b. ग्रैमी पुरस्कार

c. आइफा पुरस्कार

d. उपरोक्त में से कोई नहीं

**Answer: (b) ग्रैमी पुरस्कार**

**82.** 88 देशों की संस्था अंतरराष्ट्रीय चीनी परिषद का अध्यक्ष किसे निर्वाचित किया गया? इनका चुनाव लंदन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय चीनी परिषद की 40वीं बैठक में 2 दिसंबर 2011 को किया गया.

a. लक्ष्मी नारायणन

b. अभिनव राव

c. डॉ बीसी गुप्ता

d. आरके चंदौलिया

**Answer: (c) डॉ बीसी गुप्ता**

**83.** प्रतिबंधित संगठन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) नेता मल्लोजुला कोटेश्वर राव (किशनजी) जामबोनी के पुरीसौल जंगल में आपरेशन ग्रीन हंट के तहत 25 नवंबर 2011 को एक मुठभेड़ में मारे गए. किशनजी का गृहनगर किस राज्य में स्थित है?

a. आंध्रप्रदेश

b. तमिलनाडु

c. छत्तीसगढ़

d. पश्चिम बंगाल

**Answer: (a) आंध्रप्रदेश**

**84.** स्पेन के प्रोबेल्ट लेबोरेटरी के प्रमुख शोधकर्ता डॉ सर्जोयो स्ट्रेटनबर्गर एवं उनकी टीम ने पाया कि अनार मानव की कोशिकाओं में मौजूद उस रसायन (DNA) को कम कर देता है जो उम्र बढ़ने के साथ त्वचा में होने वाले परिवर्तनों को नियंत्रित करता है. उस रसायन का क्या नाम है? इसकी घोषणा नवंबर 2011 के दूसरे सप्ताह में की गई.

a. 8-ओएक्सओ–डीजी

b. 9-ओओ–जी

c. 8-एक्सओ–डीजी

d. 9-ओएओ–जी

**Answer: (a) 8-ओएक्सओ–डीजी**

**85.** *सुदर्शन शक्ति* नामक सैन्य युद्धाभ्यास 5 दिसंबर 2011 को संपन्न हो गया. भारतीय थल सेना ने इस युद्धाभ्यास को कहां आयोजित किया? इसमें 50 हजार सैनिक 300 टैंक 250 तोपों ने भाग लिया.

a. बाड़मेर का बागुंडी युद्ध क्षेत्र

b. पोखरण

c. थार मरुस्थल

d. गुजरात के समुद्री तट पर

**Answer: (a) बाड़मेर का बागुंडी युद्ध क्षेत्र**

**86.** स्वीडन के चाल्मर्स यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के क्रिस विल्सन के नेतृत्व में वैज्ञानिकों के एक अंतराष्ट्रीय दल ने डायनेमिक कासिमिर इफेक्ट (डीसीई) नामक प्रयोग के आधार पर बताया कि निर्वात में भी अनगिनत सूक्ष्म कण मौजूद होते हैं. जिसमें गति भी होती है. निम्नलिखित में से इन सूक्ष्म कणों का क्या नाम है?

a. इलेक्ट्रॉन

b. फोटॉन

c. न्यूट्रॉन

d. हाईड्रोजन

**Answer: (b) फोटॉन**

**87.** कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक प्रो. डेविड चेरेश के नेतृत्व में शोध करने वाली अंतरराष्ट्रीय टीम ने एक ऐसी दवा की खोज की है, जिससे कैंसर कोशिकाओं को मारा जा सकता है. यह ऐसी दवा है जिसमें कैंसर कोशिकाएं खुद आत्महत्या करती हैं. इस दवा क्या नाम है?

a. केजी-5

b. ईजी-6

c. केजीई-5

d. एक्सजेड-9

**Answer: (a) केजी-5**

**88.** इन्टरनेशनल स्पोर्ट्स प्रेस एसोसिएशन ने वर्ष 2011 के *फेयर प्ले पुरस्कार* के लिए किस खिलाड़ी का चयन किया? इन्टरनेशनल स्पोर्ट्स प्रेस एसोसिएशन ने इस सम्मान के लिए पहली बार किसी क्रिकेट खिलाड़ी को चुना. चयन की घोषणा दिसंबर 2011 में की गई.

a. सचिन तेदुलकर

b. महेंद्र सिंह धोनी

c. ब्रायन लारा

d. कुमार संगकारा

**Answer: (b) महेंद्रसिंह धोनी**

**89.** गायक, संगीतकार, फिल्मकार और पद्मभूषण भूपेन हजारिका का मुम्बई के कोकिलाबेन अस्पताल में 5 नवंबर 2011 को निधन हो गया. भूपेन हजारिका का संबंध निम्नलिखित में से किस राज्य से था?

a. असम

b. मेघालय

c. त्रिपुरा

d. मणिपुर

**Answer: (a) असम**

**90.** 14 नवंबर 2011 को बाल दिवस के अवसर पर 17वें अंतरराष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव का आयोजन कहां किया गया?

a. पटना

b. अहमदाबाद

c. पुणे

d. हैदराबाद

**Answer: (d) हैदराबाद**

**91.** वर्ष 2011 का श्रीलाल शुक्ल स्मृति इफको साहित्य सम्मान हिंदी के कथाकार विद्यासागर नौटियाल को 24 नवंबर 2011 को प्रदान किया गया. इस पुरस्कार के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?

a. प्रथम श्रीलाल शुक्ल स्मृति इफको साहित्य सम्मान हिंदी के कथाकार विद्यासागर नौटियाल को प्रदान किया गया.

b. विजेता को पुरस्कार स्वरूप प्रशस्ति पत्र, शील्ड एवं 551000 रुपए की राशि नकद प्रदान की जाती है.

c. इस पुरस्कार की स्थापना इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर को-ऑपरेटिव लिमिटेड ने वर्ष 2011 में की.

d. यह सम्मान प्रतिवर्ष उस साहित्यकार को प्रदान किया जाता है, जिसका हिंदी, उर्दू, संस्कृत एवं अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य के संवर्द्धन में महत्वपूर्ण अवदान रहा हो.

**Answer: (d) यह सम्मान प्रतिवर्ष उस साहित्यकार को प्रदान किया जाता है, जिसका हिंदी, उर्दू, संस्कृत एवं अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य के संवर्द्धन में महत्वपूर्ण अवदान रहा हो.**

**92.** ईएसपीएन क्रिकइंफो द्वारा जारी वर्ष 2011 की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट एकादश में किस एकमात्र भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी को शामिल किया गया? इस टीम की घोषणा जनवरी 2012 में की गई.

a. विराट कोहली

b. राहुल द्रविड़

c. महेंद्र सिंह धोनी

d. जहीर खान

**Answer: (b) राहुल द्रविड़**

**93.** भारत के ए गोपीनाथन को संयुक्त राष्ट्र की संयुक्त निरीक्षण इकाई (जेआईयू) का निरीक्षक निर्वाचित किया गया. संयुक्त राष्ट्र महासभा में 22 नवंबर 2011 को संपन्न हुए चुनाव में भारत ने किस देश के उम्मीदवार को पराजित किया?

a. चीन

b. मिस्र

c. पाकिस्तान

d. मलेशिया

**Answer: (a) चीन**

**94.** विवादास्पद फिल्म डैम 999 के तीन गीत को 84वें ऑस्कर पुरस्कार के लिए मूल गीत श्रेणी के लिए चयनित 39 गीतों में शामिल किया गया. इसकी जानकारी दिसंबर 2011 के तीसरे सप्ताह में दी गई. फिल्म डैम 999 पर किस राज्य ने प्रतिबंध लगा दिया?

a. कर्नाटक

b. तमिलनाडु

c. केरल

d. झारखंड

**Answer: (b) तमिलनाडु**

**95.** निक्सन्स डार्केस्ट सीक्रेट्स (Nixon's Darkest Secrets) नामक पुस्तक अमेरिका के 37वें राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन की जीवनी है. निम्नलिखित में इसके लेखक कौन हैं?

a. डॉन फुलसोम

b. रिचर्ड निक्सन

c.हिलेरी क्लिंटन

d. एके ब्राउने

**Answer: (a) डॉन फुलसोम**

**96.** लीबिया के पूर्व शासक कर्नल मुअम्मर गद्दाफी के पुत्र सैफ अल इस्लाम गद्दाफी को उसके तीन अंगरक्षकों के साथ 19 नवंबर 2011 को गिरफ्तार कर लिया गया. उसकी गिरफ्तारी निम्नलिखित में से किस स्थान से की गई?

a. उत्तरी सबा

b. त्रिपोली

c. ओबारी

d. सिर्ते

**Answer: (c) ओबारी**

**97.** अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने किसे वर्ष 2011 का सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी चुना? इनके चयन की जानकारी ऑकलैंड (न्यूजीलैंड) में 11 दिसंबर 2011 को दी गई.

a. मैथ्यू स्वान

b. स्ट्राइकर जेमी डायर

c. सुनील छेत्री

d. पोल अमात

**Answer: (b) स्ट्राइकर जेमी डायर**

**98.** केंद्र सरकार ने शिक्षा का अधिकार नामक अभियान की शुरुआत कहां से की? इस अभियान की शुरुआत शिक्षा दिवस के अवसर पर अर्थात 11 नवंबर 2011 को की गई.

a. नूंह

b. कान

c. बंगलौर

d. अहमदाबाद

**Answer: (a) नूंह**

**99.** रूस की इस्पात कंपनी ओएओ सेवरस्ताल ने भारत की किस कंपनी के साथ संयुक्त उद्यम हेतु एक समझौता किया. दोनों कंपनियों के मध्य हुए इस समझौते के क्रियान्वयन संबंधी प्रोटोकॉल पर 14 नवंबर 2011 को हस्ताक्षर किए गए.

a. सहारा ग्रुप

b. एचपीएल

c. ओएनजीसी

d. एनएमडीसी

**Answer: (d) एनएमडीसी**

**100.** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) ने दो नए ब्लॉक में तेल एवं गैस की खोज की घोषणा 2 नवंबर 2011 को की. पहली खोज पश्चिमी अपतटीय क्षेत्र के बी 127ई क्षेत्र में हुई है, जबकी दूसरी खोज कहां हुई?

a. असम के तीनसुकिया में

b. महाराष्ट्र के औरंगाबाद में

c. झारखंड के गोड्डा में

d. गुजरात के मेहसाणा में

**Answer: (d) गुजरात के मेहसाणा में**